## महत्वपूर्ण एवं खास

### सुप्रीम कोर्ट ने दाती महाराज की याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

नई दिल्ली। हाईकोर्ट द्वारा स्वयंभू स्वामी दाती महाराज के खिलाफ कथित रेप के मामले की जांच सीबीआई को सौंपे जाने के खिलाफ दाती महाराज की दाखिल अर्जी पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इंकार कर दिया है.

### देशभर में पटाखों की बिक्री पर पाबंदी लगेगी या नहीं ? कल सुप्रीम कोर्ट सुनाएगा फैसला

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आज कहा कि देश में पटाखों की बिक्री पर पाबंदी का निर्देश देने का आग्रह करने वाली याचिकाओं पर कल आदेश जारी करेगा।

### 84 शिक्षकों के प्रमोशन से कई स्कूलों में फिर से समस्या, शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ेगा प्रभाव

धमतरी। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के शासकीय माध्यमिक स्कूलों में कार्यरत 84 शिक्षकों का प्रमोशन हाई स्कूल में व्याख्याता पद के लिए हुआ है। इनमें ऐसे 21 शिक्षक ऐसे हैं, जिनकी पोस्टिंग गरियाबंद समेत अन्य जिलों में हुई है। इनके पद रिक्त होने से अधिकारियों की चिंता बढ़ गई है। रिक्त पदों की पूर्ति के लिए प्राथमिक शाला के शिक्षकों का प्रमोशन की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हुई है। जिले में पहले से शिक्षकों की कमी है।यहां 1484 प्राथमिक, माध्यमिक, हाई और हायर सेकेंडरी स्कूल हैं।शिक्षकों के स्वीकृत 8 हजार 49 पदों में से करीब 760 पद रिक्त हैं। प्रयाप्त शिक्षक नहीं होने से स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अरौद समेत अन्य स्कूलों में शिक्षकों की कमी के चलते परिजनों में रोष व्याप्त है। जिन स्कूलों में स्टाफ पर्याप्त थे, वहां के शिक्षकों का प्रमोशन होने से शिक्षा व्यवस्था और बदहाल हो जाएगी, जिसको लेकर अधिकारी चिंतित नजर आ रहे हैं। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ई संवर्ग के अंतर्गत 49 शिक्षकों का प्रमोशन हुआ है, जिसमें से 27 शिक्षक यहीं रहेंगे। बाकी शिक्षकों को दूसरे जिलों में जाकर ड्यूटी करनी पड़ेगा। टी संवर्ग के अंतर्गत 25 शिक्षकों का प्रमोशन हुआ है। वे अब व्याख्याता कहलाएंगे।

### ऑफिसरों ने वाहन रुकवाकर जांच की तो मिले 2 लाख रुपए

अंबिकापुर। विधानसभा चुनाव की बिगुल बजते ही हवाला के माध्यम से रुपए खपाने का प्रयास तेज हो गया है। निर्वाचन विभाग द्वारा इसपर नजर रखने के लिए अलग-अलग टीम गठित की गई है। लुण्ड्रा के स्थैतिक निगरानी दल ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर एक वाहन की जांच की तो उसमें 2 लाख रुपए दल के सदस्यों को मिला। इस संबंध में जब वाहन के चालक से पूछताछ की गई तो वह कुछ नहीं बता सका। दल ने रुपए को बरामद करते हुए 7 दिनों के अंदर दस्तावेज प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया है। निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होते ही मतदाताओं को लुभाने के लिए प्रत्याशियों द्वारा नये-नये तरीके अपनाएं जाते हैं। मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए रुपए का भी आदान-प्रदान किया जाता है। निर्वाचन आयोग द्वारा एक प्रत्याशी के खर्च की सीमा तय कर दी गई है। इसकी वजह से उम्मीदवार हवाला के माध्यम से रुपए खपाने का भी प्रयास करते हैं। रविवार की दोपहर एसएसटी लुंड्रा की टीम को मुखबिर से सूचना मिली की एक वाहन चालक 2 लाख रुपए लेकर कहीं जा रहा है। टीम के सदस्य एसडीओपी ऐश्वर्य चंद्राकर व गौरव सिंह गहरवार के नेतृत्व में लुण्ड्रा के ग्राम सेंदरीमुंडा के मछुआटोली में दोपहर 1.30 बजे वाहन क्रमांक ओआर 16 ए-4561 के चालक जयपाल नायक पिता भोला नायक को रुकवा कर पूछताछ की। वाहन की जांच के दौरान उसमें 2 लाख 2 हजार 260 रुपए मिला।

# भाजपा टिकिट को लेकर मचा बवाल नगरनिगम के 6 पार्षदों ने दिया ईस्तीफा



रायगढ़ (आरएनएस)। भाजपा व्दारा टिकिट घोषित किये जाने के विरोध में रायगढ़ में काफी बवाल मचा हुआ हैं नगर निगम के 6 भाजपा पार्षदों ने इस्तीफा दे दिया हैं वही भाजपा नेता विजय अग्रवाल निर्दलिय चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं कल रात जैसे ही रायगढ़ से विधायक रोशनलाल को पुनः प्रत्याशी बनाये जाने की घोषणा हुयी विधायक विरोधी खेमें में बगावत के सुर उठने लगे और विजय अग्रवाल के घर पर सैकड़ो समर्थकों की बैठक हुयी जिसमें स्तीफा देने वाले पार्षद भी शामिल थे सभी का कहना था की भाजपा हाईकमान व्दारा की जा रही मनमानी का विरोध किया जाना चाहिये और पार्टी को जवाब देने विजय अग्रवाल को निर्दलिय चुनाव लड़ना चाहिये फिलहाल विरोधी खेमा अभी इस मुद्दे को लेकर विचार मंथन कर रहा हैं पुरी तस्वीर एक दो दिन में साफ होगी वैसे विजय अग्रवाल चुनाव लड़ने के लिये पिछले 6 माह से तैयारी कर रहें हैं और भाजपा टिकिट के सश्ख्त दावेदार भी थे लोगों को उनको टिकिट मिलने की उम्मीद भी थी लेकिन एन वक्त पर रोशनलाल ने बाजी मार ली और वे दौड़ से बाहर हो गये आज स्तीफा देने वाले पार्षदों में कौशलेश मिश्रा,अरुण देवांगन, दीपेश सोलंकी, अशोक यादव, मुक्तिनाथ, लक्ष्मण महिलाने के नाम शामिल हैं पार्षदों ने प्रदेश अध्यक्ष के नाम भाजपा जिलाध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंपा है 5 साल तक उनकी उपेक्षा की उसके बाद भी यदि उन्हें टिकट दिया गया है तो वह भाजपा से इस्तीफा देने को मजबूर है और वे कदापि रोशन का समर्थन नहीं करेगें । पार्षदों के इस्तीफे के बाद से रायगढ़ की राजनीति में नया मोड़ आ गया है और विजय अग्रवाल कभी भी निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर सकते है सूत्रों की मानें तो आगे चलकर और भी कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता इस्तीफा दे सकते है इस बगावत के पीछे हाई कमान से मान मुनव्वल कराने व सौदेबाजी किये जाने का कयास लगायें जा रहें हैं पिछली बार भी विजय अग्रवाल व विधायक विरोधी खेमें के बागी तेवरों को इसी तरह शांत किया गया था लेकिन इस बार के तेवर कुछ ज्यादा ही तीखें हैं देखे आगे क्या होता हैं ।

## कलेक्टर ने ली नोडल अधिकारियों की बैठक



रायगढ़। कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी ने विधानसभा निर्वाचन 2018 के सुचारू रूप से संपादन के लिए नोडल अधिकारियों की बैठक ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती आबिदी ने कहा कि नाम निर्देशनवार शाखा, ईव्हीएम व्यवस्था शाखा, मतदान केन्द्रों की भौतिक सुविधाएं, प्रशिक्षण, वाहन व्यवस्था, यातायात व्यवस्था शाखा के अंतर्गत रूट का सत्यापन, सेक्टर मजिस्ट्रेट/सेक्टर आफिसर्स की नियुक्ति शाखा, निर्वाचन सामग्री शाखा, आदर्श आचरण संहिता/ शिकायत शाखा, निर्वाचन व्यय, प्रेक्षक शाखा, कानून व्यवस्था, मतपत्र व्यवस्था, मीडिया शाखा, कम्प्यूटरीकरण कार्य/ मतदान दल गठन/ मतगणना दल गठन, आवश्यकतानुरूप माइक्रो आब्जर्वर की नियुक्ति, डाक मतपत्र शाखा, मतदान अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति, मतगणना स्थल का चयन, मतगणना की व्यवस्था, निर्वाचन नियंत्रण कक्ष, विडियोग्राफी शाखा एवं लेखा शाखा में नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें।

## पुलिस ने किया शहीदों को याद श्रध्दा सुमन अर्पित कर दी विन्रम श्रदाजंली



रायगढ़ (आरएनएस)। राष्ट्र व देशवासियों की रक्षा के लिये प्राणों की आहुति देने वाले पुलिस के अमर शहीदों की याद में रक्षित केन्द्र उर्दना स्थित शहीद स्मारक पर शहीद पुलिस दिवस परेड में जिला पुलिस बल, सशस्त्र बल, मीडिया के सदस्य तथा शहीदों के परिजनों द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। शहीद परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे ने किया। शहीद दिवस परेड में पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा 1 सितम्बर, 2017 से 31 अगस्त 2018 तक शहीद हुए 414 पुलिसकर्मियों के नामों का वाचन (स्मरण) किया गया । कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश संजय जायसवाल, सहायक कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी पंचम अपर सत्र एवं जिला न्यायाधीश आदित्य जोशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बालाराम साहू, न्यायिक दंडाधिकारी विवेक गर्ग, व सुश्री पुष्पलता मारकण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, सहायक सेनानी आनंद किशोर खलखो, के.आर. चौहान, ए.सी. कुजूर, पुलिस उप अधीक्षक यातायात राज कुमार मिंज, उप पुलिस अधीक्षक बेन्ड्रिक मिंज, थाना प्रभारीगण तथा रक्षित केन्द्र एवं थाना चौकी के कर्मचारियों ने शहीदों के नाम के वाचन (स्मरण) पश्चात सभी ने बारी बारी से शहीद स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। पुलिस अधीक्षक एवं माननीय न्यायाधीशों ने जिले में निवासरत 10 शहीदों के परिजनों को साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया ।

## सूने मकान में चोरों का धावा आढ़ाई लाख के जेवर व नगदी पर किया हाथ साफ



रायगढ़ (आरएनएस)। कोड़ातराई के सुने मकान में चोरों ने धावा बोलकर आढ़ाई लाख के जेवर व नगदी पर हाथ साफकर दिया राम नगर में रहने वाले राज किशोर स्वर्णकार ने कल पुलिस चौकी जूटमिल में अपने घर में हुये चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी है, रिपोर्टकर्ता ने बताया कि 17 अक्टूबर को रात 8 बजे अपने मकान में ताला लगाकर पत्नि, छोटी लड़की के साथ गृह ग्राम सरिया गया था।

19 अक्टूबर को बड़ी लडकी एवं भतीजा ने फोन कर के बताया कि घर का मेन दरवाजा का ताला टुटा हुआ है, तब आकर देखे अज्ञात चोर मेन दरवाजा का ताला तोड़कर अलमारी के अंदर मे रखे सोना चांदी के जेवरात, नगद रकम 10,000 रू. जुमला दो लाख पचास हजार को चोरी कर ले गया था। चोरी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 1412/18 धारा 457, 380 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

## 35 लाख स्कूली छात्रों को मध्यान्ह भोजन के साथ मिलेगा दूध






रायपुर। राज्य के 35 लाख स्कूली छात्रों को मध्यान्ह भोजन के साथ दूध भी मिलेगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने छत्तीसगढ़ सहकारी दुग्ध महा संघ मर्यादित के प्रस्ताव पर सहमति दे दी है। शासन ने आचार संहिता लगने के पहले मुहर भी लगा दी। मगर संकट यह खड़ा हो गया है कि आदेश जारी तो हुआ, लेकिन उसके बाद की जो कागजी प्रक्रिया होती है, वह नहीं हो सकी। महा संघ तक मुकम्मल आदेश पहुंचा नहीं। यही वजह है कि महा संघ ने इस संबंध में राज्य चुनाव आयोग को पत्र लिखा है कि वे इस पर मार्गदर्शन दें। क्योंकि दूध का उत्पादन बढ़ता जा रहा है, खपत अभी त्योहारों की वजह से है, बाद में घटेगी इसलिए स्कूलों में इसके बंटने से दूध पाउडर का स्टॉक बढ़ने का संकट खत्म हो जाएगा। अब देखना यह है कि चुनाव आयोग इस पर क्या निर्णय लेता है?

गौरतलब है कि नवरात्र के पहले महा संघ की चिंता काफी बढ़ गई थी, क्योंकि करीब 450 टन से अधिक दूध पाउडर जाम हो गया था। बीते महीने में दूध और उससे बने उत्पादों की खपत काफी बढ़ी तो पाउडर बनाने की जरुरत नहीं पड़ी। इसलिए स्टॉक में रखा दूध पाउडर बिकता रहा और वह अभी 300 टन पर आ गया है। बता दें कि दूध पाउडर की एक्सपायरी डेट 12 महीने ही होती है। इसलिए समय पर इसकी बिक्री जरूरी है।





तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090



स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931